**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 01.10.2023**

**दिनांक-31-09-2023/01-10-2023 को रात्रि थाना बिजनौर 02, हसनगंज 01, नगराम 02, नाका 01, पीजीआई 01,अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 दक्षिणी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना मोहनलालगंज**-दिनांक 30.09.2023 को एस0आई0 श्री राहुल करन सिंह थाना मोहनलालगंज द्वारा मय हमराही व फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01-सनी चौरसिया पुत्र विशंभरलाल चौरसिया उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बैरीसालपुर थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ को निगोहा रेलवे स्टेशन रोड देशी शराब के ठेके के सामने ग्राम बैरीसालपुर थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से कुल 43 अदद (40 अदद पाउच व 03 अदद शीशी 200 ml ) अवैध ठेका शराब बरामद कर थाना मोहनलालगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**110जी की कार्यवाही।**

**थाना सरोजनीनगर**- दिनांक 01-10-2023 को प्र0नि0 श्री शैलेन्द्र गिरी थाना सरोजनीनगर द्वारा अभियुक्त 01-सुशील रावत पुत्र गुरुप्रसाद रावत निवासी ग्राम मीरानपुर थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र 28 वर्ष, 02-विनोद कुमार दीक्षित पुत्र बाबूराम दीक्षित निवासी-हनुमानपुत्री थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र 40 वर्ष, 03-अमन वर्मा पुत्र किशन दत्त निवासी-ग्राम बसंतखेड़ा थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र 21 वर्ष के विरूद्ध नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़, मारपीट व धमकी गाली गलौजी करना व संगठित गिरोह आदि प्रकार से संज्ञेय अपराध कारित करना जिससे जिससे आम जनमानस में भय व्याप्त करने के संबंध में थाना सरोजनीनगर पर द0प्र0सं0 110जी की कार्यवाही की गयी।

**भा0द0वि0**

**थाना गोसाईगंज(हत्या का प्रयास)**- दिनांक 01.10.2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री रामकुमार पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी ग्राम गंगाखेड़ा मजरा महुरा कला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 29.09.2023 को समय करीब 07.30 बजे रात्रि में वादी के पुत्र असनी उम्र करीब 26 वर्ष को सौरभ पुत्र दिलीप निवासी ग्राम गंगाखेड़ा मजरा महुरा कला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ अपने साथ अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर गांव के बाहर थोड़ी दूर पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे रोड के पास ज्वार चरी के खेत में ले जाकर अपने अज्ञात साथियों के साथ जान से मार डालने की नियत से गन्दी गन्दी गालियां देते हुए लात घुसों व लाठी डन्डों से वादी के पुत्र उपरोक्त को बुरी तरह मारा पीटा। विपक्षीगणों के द्वारा वादी के पुत्र को मरा समझ कर घटनास्थल पर छोड़कर भाग गये। वादी को सूचना मिली तो वादी ने अपने पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोसाईगंज जिला लखनऊ लाया, लेकिन वादी के पुत्र असनी के तबियत ज्यादा खराब होने के कारण डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज लखनऊ के रिफर कर दिया। वादी के पुत्र की हालत ठीक नही है व उसका इलाज अभी मेडिकल कालेज लखनऊ में चल रहा है। **इस सूचना पर थाना गोसाईगंज पर मु0अ0सं0- 445/2023 धारा- 307/323/504 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>थाना ठाकुरगंज(फांसी)</u>-** दिनांक 01.10.2023 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि श्री विजय पाल पुत्र सियाराम निवासी लालबाग थाना ठाकुरगंज लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 01.10.2023 को सुबह 07.00 बजे उसकी पत्नी सुषमा उम्र करीब 25 वर्ष ने कमरे में दरवाजे के ऊपर लोहे की जाली में दुपट्टे से लटक कर फांसी लगा ली है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अनिल कुमार मो0-9927075758 थाना ठाकुरगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका का विवाह फरवरी 2023 में हुआ था। मृतका का पति विजयपाल प्राइवेट डॉक्टर है जिनका भपटामऊ क्रासिंग पारा में ब्राइट केयर हास्पिटल है। मृतका व उसके पति विजयपाल के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा चल रहा था।

**<u>थाना मड़ियांव</u>-** दिनांक 01.10.2023 को थाना मड़ियांव द्वारा बताया गया कि वादी श्री रामू दास कनौजिया पुत्र स्व0 श्यामलाल कनौजिया निवासी नया दाउदनगर थाना मड़ियांव लखनऊ ने थाना मड़ियांव पर सूचना दिया कि वादी वर्तमान समय मे पार्षद फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड है। दिनांक 01.10.2023 को समय करीब 01.15 सुबह के वादी अपने घर पर सो रहा था कि अचानक धमाकों की आवाजें आई जिन्हें सुनकर वादी उठा तथा घर के बाहर जाकर देखा कि वादी के घर के छज्जे में लगी हुई टाइल्स टूटी हुई है, सामने सड़क पर पड़ी हुई थी। वादी ने सडक पर जाकर देखा तो पाया वहां पर एक सुतली बम फटा था तथा एक सुतली बम साबुत अवस्था में पड़ा था। वादी के घर की खिड़की व छत पर ईंटे भी पड़े हुए थे। **इस सूचना पर थाना मड़ियांव पर मु0अ0सं0- 521/2023 धारा- 336/427 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**